



नवभारत 07
भोपाल, बुधवार 21 जनवरी 2026

## एक नजर में



### बदलाव की सशक्त बुनियाद है शिक्षा

**भैरूंदा.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंगलवार को ग्राम मोगराखेड़ा में आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित किया. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहाशिक्षा ही बदलाव की सशक्त बुनियाद है. शिक्षा से ही परिवार, समाज और देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है. हमारे देश के प्रत्येक बच्चा चाहे वह बालक हो या बालिका को शिक्षा के समान अवसर मिलना चाहिए. शिक्षित बच्चे ही एक मजबूत, आत्मनिर्भर व सशक्त भारत की नींव रखते हैं. राज्यपाल श्री पटेल ने नशे को व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक रूप से खोखला कर देता है तथा देश के विकास में भी बाधक बनता है. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, मेहरबान सिंह, सरपंच फिरका कैलाश बारेला, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम सुधीर कुशवाह आदि उपस्थित थे. राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम मोगराखेड़ा में पंचायत भवन का अवलोकन किया तथा सभाकक्ष में महिला पंचों के साथ गांव की विकास गतिविधियों पर चर्चा की. उन्होंने ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया.



### जल स्त्रोतों में किया क्लोरीनेशन कार्य

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार आमजन को शुद्ध, एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रिामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के स्रोतों में निरंतर क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि जिले में 04 उपखण्डीय प्रयोगशालाएं स्थापित हैं, जिनमें निरंतर जल नमूनों का जल परीक्षण किया जा रहा है. 1 माह में 1215 जल नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है. इसके अतिरिक्त नलजल प्रदाय योजनाओं में स्थापित टंकियों की सफाई का कार्य भी प्रगतिरत हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी और तकनीकी अमला फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल का परीक्षण कर रहे हैं.




### एडीएम ने 27 सेवानिवृत्तों को प्रदान किए पीपीओ

**सीहोर.** सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. एडीएम वृंदावन सिंह ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सम्मानित कर उन्हें पीपीओ प्रदान किए. उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवकों ने वर्षों तक प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी अपने अनुभवों के माध्यम से परिवार, समाज और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं. उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान सीखी गई अनुशासन, समयबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा से समाज को भी दिशा मिलती है. उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को उनके समर्पित एवं सफल सेवाकाल के लिए बधाई दी और आगे भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहने की कामना की. कार्यक्रम में 27 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किए.



### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

**सीहोर.** महात्मा गांधी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम निपानिया कला में सात दिवसीय विशेष यूनिट शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अब्दुल हलीम खान एवं डायरेक्टर ज्योति शर्मा ने स्वयंसेवकों को रवाना किया. शिविर के प्रथम दिन की शुरुआत ग्राम निपानिया कला की शिविर के दौरान पौधारोपण, स्वास्थ्य, शिक्षा स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति एवं एड्स जागरुकता रैली, साइबर अपराध जागरुकता, तथा, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण, महिला सुरक्षा एवं राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर बौद्धिक चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे. स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल गतिविधियां, दैनिक डायरी लेखन एवं समिति बैठकें भी आयोजित होंगी.

### विवाह सम्मेलन का भगवान गणेश को दिया निमंत्रण

**सीहोर.** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कलचुरी समाज का 13वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 फरवरी को होने जा रहा है. स मेलन का प्रथम आमंत्रण श्री गणेश भगवान को भेंट किया. इस अवसर पर श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर गणेश धाम की मुख्य पुजारी एवं व्यवस्थापक डॉ.चारू चंद्रा व्यास ने कहा कि कल्चुरी समाज सदैव समाज सेवा में तत्पर रहता है. सामूहिक विवाह सम्मेलन उसी कड़ी का अंग है. इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, बेनी प्रसाद राय, निलेश राय, परमानंद राय, रमेश राय राम, सुरेश राय, मोहन राय, हरीश राय, सहित अनेक स्वजातीय बंधु उपस्थित थे.

# सरिया से भरा ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

- मुड़ेरी गांव के पास मोड़ पर बिगड़ा संतुलन
- बच्ची गंभीर घायल, ग्रामीणों ने चलाया रेस्क्यू



**छतरपुर, 20 जनवरी. छतरपुर जिले के लवकुशनगर मार्ग पर मुड़ेरी गांव के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. गिट्टी और सरिया से लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने तालाब में जा पलटा. हादसे में ट्रैक्टर चला रहे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. इस घटना से क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर लवकुशनगर से चंदला की ओर जा रहा था. ट्रैक्टर पर भारी मात्रा में गिट्टी और सरिया लदा हुआ था. जैसे ही वाहन मुड़ेरी गांव के पास मोड़ पर पहुंचा, सरिया का वजन एक तरफ अधिक होने के कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया. चालक कुछ समझ पाता, उससे पहले ही ट्रैक्टर सीधे तालाब में जा गिरा. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल बच्ची के बयान व परिस्थितियों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है. इस हादसे ने एक बार फिर भारी माल ढोने वाले वाहनों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं.



### गांव के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े

ट्रैक्टर के तालाब में गिरते ही तेज आवाज हुई, जिसे सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और गांव के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े. हादसे के बाद ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया. एक छोटी बच्ची सरिया के बीच फंसी हुई थी, जिसे निकालना बेहद मुश्किल था. ग्रामीणों ने भारी सरिया को हटाकर कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला. लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि ट्रैक्टर पर गिट्टी और सरिया लदा हुआ था. इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है, जबकि बच्ची गंभीर रूप से घायल है.



## प्राइवेट बैंक कर्मचारी ने जहर खाकर की आत्महत्या

- सागर रोड रेलवे ट्रैक के पास मिला शव
- जिला अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम

**टीकमगढ़, 20 जनवरी. टीकमगढ़ जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक प्राइवेट बैंक में कार्यरत युवक ने जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान सिमारव थाना क्षेत्र के भगवा निवासी 20 वर्षीय पुष्पेंद्र लोधी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि पुष्पेंद्र टीकमगढ़ स्थित एक निजी बैंक में नौकरी करता था.**

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को पुष्पेंद्र ने अज्ञात जहरीली दवा का सेवन कर लिया था. मंगलवार सुबह करीब 7 बजे सागर रोड पर रेलवे ट्रैक के पास उसका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. परिजनों ने जब युवक को ट्रैक के पास अचेत अवस्था में देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई.


सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया. मामले की जांच जारी है.

## ससुराल व पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति

### अंजुल कुमार सोनकिया ने एसपी ऑफिस में लगाई न्याय की गुहार

> लगातार मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया
>
> उसका पारिवारिक जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है



**छतरपुर, 20 जनवरी. छतरपुर नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्वनाथ कॉलोनी निवासी अंजुल कुमार सोनकिया ने ससुराल पक्ष और अपनी पत्नी द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी ऑफिस में आवेदन दिया है.**

यह आवेदन मंगलवार 20 जनवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे सौंपा गया. पीड़ित अंजुल कुमार का कहना है कि विवाह के बाद से ही उसे लगातार मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है. आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग आए दिन झूठे आरोप लगाकर उसे परेशान कर रहे हैं, जिससे उसका पारिवारिक जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है.

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और उसे न्याय दिलाने की मांग की है. वहीं, एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन को संबंधित थाना क्षेत्र में भेजकर जांच के निर्देश दिए गए हैं. मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## महिला मोर्चा ने जलाया बरैया का पुतला

नवभारत न्यूज

**सीहोर, 20 जनवरी. महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का पुतला दहन किया गया. भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परंजय एवं जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतु जैन के निर्देश अनुसार महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा परिहार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक का पुतला दहन किया गया.**



महिला मोर्चा नगराध्यक्ष सीमा परिहार ने कहा कि फूल सिंह बरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति को दर्शाता है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान कांग्रेस नेताओं के मन में महिलाओं के प्रति सम्मान की कमी को उजागर करता है. पुतला दहन कार्यक्रम में अर्चना चौहान, हर्षा राठौर, पुष्प लता राठौड़, सोनू ठाकुर, ज्योति पांडे, सुशीला, आशा, राखी, रजनी, पूजा, माया, मथुराबाई, रानी राठौर, कुंती राठौर, पूजा बाई, क्षमा बाई आदि मोर्चा कार्यकर्ता शामिल थीं.



### चाइनीज मांझा बिक्री को लेकर पुलिस हुई सख्त

**बुधनी.** प्रतिबंध के बावजूद जानलेवा बनते जा रहे चाइनीज मांझे को लेकर नवभारत में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है. थाना प्रभारी संदीप जाट ने पतंग एवं मांझा बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी. उल्लेखनीय है कि सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 12 माना में एक युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया था. उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस संबंध में एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि चाइनीज मांझे से हुई घटना के बादपतंग बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया है. उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार चाइनीज मांझे की बिक्री करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा बाजार तक आखिर कैसे पहुंच रहा है.नागरिकों ने मांग की है कि चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध सुनिश्चित करें तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

## बलकौरा में एक हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया

### 6000 का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**चंदला, 20 जनवरी. थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलकौरा में एक सप्ताह पूर्व हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है. पुलिस ने इस मामले में 6000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है.**

ग्राम बलकौरा में एक घर में बिहारी अहिरवार का शव मिलने की सूचना पर थाना चंदला पुलिस एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची थी. घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए. पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य तथ्यों के आधार पर थाना चंदला में हत्या का मामला दर्ज किया गया. पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 6000 का इनाम घोषित कर विशेष पुलिस टीम गठित की गई. मामले की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी. विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति से पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या करना स्वीकार किया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक द्वारा उसकी पत्नी से अभद्र तरीके से बातचीत करने पर उसने गुस्से में आकर तौलिया से गला घोंटकर हत्या कर दी.



> इसके बाद पुलिस ने आरोपी रामकरन अहिरवार पिता सरजू अहिरवार, निवासी ग्राम बलकौरा, थाना चंदला को विधिवत गिरफ्तार कर लिया. हत्या में प्रयुक्त तौलिया भी बरामद कर ली गई है. यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में की गई. इस सफल कार्रवाई में चंदला, हिनौता, गोयरा, बंशिया थानों एवं बछौन चौकी के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**वीडियो वायरल** ▶ व्यक्ति को चप्पलों से पीटने का वीडियो वायरल

## कल्याण मंडप के सामने महिला का हंगामा

**छतरपुर, 20 जनवरी. छतरपुर नगर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कल्याण मंडप के सामने एक महिला द्वारा एक व्यक्ति की खुलेआम पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया.**

वायरल वीडियो में महिला गुस्से में व्यक्ति को चप्पलों से मारते हुए दिखाई दे रही है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने नजर आ रहे हैं. यह घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है. वीडियो सामने आने के बाद शहर में यह मामला चर्चा का विषय बन गया है. हालांकि, अभी तक मारपीट के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है और न ही यह जानकारी सामने आई है कि दोनों के बीच विवाद किस बात को लेकर हुआ था.



> घटना सार्वजनिक स्थान पर होने के कारण लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि किसी पक्ष द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है या नहीं। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है और तथ्यों के सामने आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**छतरपुर, 20 जनवरी. छतरपुर जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अर्जरिया ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



सीईओ अर्जरिया ने वार्डों, ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी सेवाओं और प्रतीक्षालय का निरीक्षण करते हुए मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कुछ स्थानों पर पाई गई कमियों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ के इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हलचल देखी गई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के प्रयास तेज हो गए।